न्यायालय जिला कलक्टर, अलवर (राजस्थान)

अपील संख्याः— 12/47/2025 रजू दिनांकः 25.04.2025 रजि0 न0 2025/85

अपीलार्थीः—

श्री साजिद खान पुत्र श्री साबूदीन, निवासी नया बास बस स्टैण्ड के सामने, मेव मौहल्ला, लक्ष्मणगढ़, अलवर, जिला अलवर (राजस्थान)।

प्रत्यर्थीः—

लोक सूचना अधिकारी एवं पदेन जिला अल्पसंख्यक अधिकारी, अलवर (राजस्थान)

अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

—:: निर्णय ::—

दिनांकः— 06.05.2025

1. अपीलार्थी ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (संक्षेप में अधिनियम,2005) की धारा–6(1) के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी को आवेदन पत्र दिनांक 06.03.2025 प्रस्तुत कर पत्र में वर्णित तथ्यों पर बिन्दुवार सूचना चाही गई, जो उपलब्ध नही कराई गई। अतः वांछित सूचना उन्हे दिलवाई जावें।
2. अपीलार्थी द्वारा प्रथम अपील प्रार्थनापत्र न्यायालय को पेश कर निवेदन किया है कि लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना उपलब्ध नही करवाई, सूचना उपलब्ध करवाई जावें।
3. अपील प्राप्त होने पर दर्ज कर वॉछित सूचना नहीं दिए जाने के संबंध में लोक सूचना अधिकारी से जवाब तलब किया गया एवं अपीलार्थी को नोटिस जारी किया कि यदि वह सुनवाई हेतु उपस्थित होना चाहता है तो दिनांक 06.05.2025 को उपस्थित आवें।
4. अपीलार्थी उपस्थित नही आया एवं प्रत्यर्थी से जवाब प्राप्त हुआ। पत्रावली का अवलोकन किया एवं जवाब प्रत्यर्थी पर मनन किया। प्रत्यर्थी द्वारा न्यायालय हाजा को प्रस्तुत प्रतिलिपि जवाब पत्रांक एफ () जि.अ.स.अ/RTI/2025–26/214–15 दिनांक 02.05.2025 के द्वारा सूचनार्थ प्रस्तुत कर कार्यालय के पत्रांक एफ () जि.अ.स.अ/RTI/2025–26/213 दिनांक 02.05.2025 के द्वारा अपीलार्थी को चाही गई महिनों की मासिक कार्य सत्यापन रिपोर्ट संलग्न कर भिजवाई जा रही है।
5. पत्रावली का अवलोकन किया एवं जवाब प्रत्यर्थी पर मनन किया। प्रस्तुत जवाब के अवलोकन एवं अध्ययन से स्पष्ट है कि प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को वांछित सूचना के संबध में कार्यालय के पत्रांक एफ () जि.अ.स.अ/RTI/2025–26/213 दिनांक 02.05.2025 के माध्यम से विनिश्चय कर सूचित किया जा चुका है अपील अपीलांट अस्वीकार किये जाने योग्य है।
6. अतः उक्त आलोक में अपील अपीलांट अस्वीकार की जाकर निस्तारित की जाती है। तथा प्रत्यर्थी को निर्देशित किया जाता है, कि सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों का नियत समयावधि में विधिवत निस्तारण की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें निर्णय की प्रमाणित प्रति उभय पक्ष को भिजवाई जावें।
7. निर्णय आज दिनांक 06.05.2025 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

न्यायालय जिला कलक्टर अलवर (राज0)

(डॉ. आर्तिका शुक्ला)
जिला कलक्टर अलवर
(राजस्थान)